# समाहरणालय, दुमका।
(ISO 9001:2015 Certified)
## (जिला समाज कल्याण शाखा)

---

### –: विज्ञापन :–

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार के नियंत्रणाधीन समेकित बाल संरक्षण योजना के अन्तर्गत दुमका जिले में संचालित सम्प्रेक्षण गृह, में चिन्हित पदों के विरूद्ध निम्नांकित रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं :–

| क्रमांक | पदनाम | पदों की संख्या | पारिश्रमिक राशि | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | अतिरिक्त योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परामर्शी | 01 | 31,311.00 | स्नातकोत्तर समाज विज्ञान / मनोविज्ञान | |
| 2 | पारा चिकित्सा कर्मी | 01 | 15,123.00 | इंटर (पारा चिकित्सा पाठ्यक्रम में डिप्लोमा) | |

**1. संविदा पर नियुक्ति की शर्त्तें :–**

(i) कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के ज्ञापांक–14 / स्थानीयता नीति–14 01 / 2015 का0 229, दिनांक–19.01.2022 के आलोक में प्रकाशित नियुक्ति विज्ञापन में झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी ही पात्र होंगे।

(ii) संविदा एक वर्ष हेतु अनुमान्य होगा। आवश्यकतानुसार अग्रेत्तर वार्षिक कार्य मूल्यांकन के आधार पर अनुबंध अवधि का विस्तार किया जायेगा।

(iii) कार्य असंतोषजनक पाये जाने पर संविदा के आधार पर अनुबंधित व्यक्तियों को एक माह की नोटिस पर अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।

(iv) संविदा के आधार पर नियुक्त कर्मियों का स्थाई नियोजन नहीं होगा, बल्कि स्वीकृत मानदेय के विरूद्ध उन्हें कार्य करने के लिए अनुबंधित किया जायेगा।

(v) विभाग आवश्यकतानुसार विज्ञापन की शर्त्तों एवं पदों की संख्या में संशोधन कर सकता है।

(vi) संविदा पर नियुक्त कर्मियों के मासिक पारिश्रमिक राशि के संबंध में योजना–सह–वित्त विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा जो भी निर्णय लिया जायेगा, वह मान्य होगा।

(vii) संविदा पर नियुक्त कर्मी को कैलेण्डर वर्ष के लिए राज्य कर्मियों के अनुसार आकस्मिक अवकाश देय होगा, परन्तु वे किसी अन्य अवकाश के हकदार नहीं होंगे।

(viii) संविदा पर नियुक्त कर्मी का पद स्थानान्तरणीय नहीं होगा।

(ix) संविदा पर नियुक्त कर्मी के लिए राज्य कर्मियों की तरह आचार संहिता लागू होगा।

(x) उम्र सीमा की गणना दिनांक– 01.08.2023 के अनुसार की जायेगी।

| कोटि | न्युनतम आयु (वर्ष में) | अधिकतम आयु (वर्ष में) | दिव्यांग अभ्यार्थियों के लिए |
|---|---|---|---|
| अनारक्षित | | 35 | 40 |
| अत्यंत पिछड़ा वर्ग / पिछड़ा वर्ग | | 37 | 42 |
| महिला अनारक्षित | 21 | 38 | 43 |
| अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला) | | 40 | 45 |

**3. संविदा पर नियुक्ति की प्रक्रिया :–**

(i) संविदा आधारित नियुक्ति के नियमितीकरण के संबंध में किसी प्रकार का दावा अमान्य है। संबंधित जिला के उपायुक्त संविदा आधारित पदधारकों के नियुक्ति प्राधिकार होंगे।

(ii) चयनित अभ्यार्थियों द्वारा समर्पित सभी प्रमाण पत्रों का सत्यापन नियुक्ति के तीन माह के अन्दर प्रमाण–पत्र निर्गत करने वाली संस्थान से कराना सुनिश्चित किया जायेगा। चयनित अभ्यार्थियों का पुलिस सत्यापन कराया जायेगा।

(iii) संविदागत नियुक्ति की प्रक्रियात्मक कार्रवाई में चयन समिति की अनुशंसा पर उपायुक्त का अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।

(iv) चयनित कर्मियों के नाम सूचना फलक पर प्रदर्शित किये जायेंगे।

(v) एक से अधिक पदों पर आवेदन करने वाले अभ्यार्थियों को प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन करने होगें।

**4. आवेदन की प्रक्रिया :–**

1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि, दिनांक–10-10-2023 होगी। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. आवेदन विहित प्रपत्र में रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से स्वीकार किया जाएगा।
3. यदि कोई आवेदक एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, तो उसके लिए अलग–अलग पदों से संबंधित आवेदन करना अनिवार्य होगा।
4. इच्छुक उम्मीदवार संलग्न विहित आवेदन प्रपत्र के साथ निम्नांकित शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो की स्वअभिप्रमाणित प्रति के साथ समर्पित करेंगे:–
   - i. मैट्रिक अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र।
   - ii. इन्टर अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र।
   - iii. स्नातक अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र।
   - iv. स्नातकोत्तर अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र।
   - v. आवासीय प्रमाण–पत्र।
   - vi. जाति प्रमाण–पत्र।
   - vii. अतिरिक्त वांछित शैक्षणिक योग्यता/डिप्लोमा प्रमाण पत्र।

**आवेदन करने का पता :– कार्यालय, सम्प्रेक्षण गृह, दुमका, पुराना दुमका (हिजला रोड), पो0–दुमका, जिला–दुमका, झारखण्ड, पिन–814101।**

**नोट** :– आवेदन हेतु प्रपत्र एवं विज्ञापन की विस्तृत जानकारी dumka.nic.in पर देखी जा सकती है।

13/9/23

**उपायुक्त,**
**दुमका।**

*ज्ञापांक 1713 /जि0स0क0,दुमका, दिनांक 14/09/2023*

*प्रतिलिपि:– जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी, दुमका को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराना सुनिश्चित करें।*

*प्रतिलिपि:– जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, दुमका को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त सूचना को दुमका जिले के बेबसाईट (NIC) पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।*

*प्रतिलिपि:– निदेशक –सह– सदस्य सचिव,* महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण संस्था, *राँची को सूचनार्थ समर्पित।*

13/9/23

**उपायुक्त,**
**दुमका।**

# आवेदन हेतु विहित प्रपत्र

सेवा में

उपायुक्त,
दुमका।

पद का नाम – .............................................. पद कोड/क्रम संख्या – ............................आवेदित जिला –..................

1. आवेदक का नाम –............................................................................................................................
2. पिता/पति का नाम – ..........................................................................................................
3. जन्म तिथि – ..........................................................................................................................
4. स्थायी पता – .........................................................................................................................
.............................................................................................................................................
.............................................................................................................................................
5. पत्रचार का पता – ....................................................................................................................
.............................................................................................................................................
.............................................................................................................................................
6. मोबाईल नं0 – ................................................................. ई–मेल आईडी ................................................................................
7. शैक्षणिक योग्यता :–
(क) क्रमशः उच्चतम योग्यता से शुरू करते हुए न्यूनतम दसवीं तक योग्यता अंकित करें।
(ख) सारे योग्यताओं के स्वअभिप्रमाणित प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र अवश्य संलग्न करें।

| परीक्षा का नाम | उतीर्णता वर्ष | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

8. कोटि–(सामान्य/पिछड़ा वर्ग/अत्यंत वर्ग/एस0टी0/एस0सी0 ..........................................................................
(जाति प्रमाण पत्र सहित)
9. शारीरिक रूप से विकलांग .........................................................................
(प्रमाण पत्र सहित)

तिथि ..............................

स्थान .............................. **आवेदक का हस्ताक्षर**

## घोषणा

मैं उद्घोषित करता/करती हूँ कि मेरे विरूद्ध कोई थाना काण्ड दर्ज नहीं है। मैं किसी फौजदारी मामला में दण्डित नहीं हूँ।

उपर्युक्त सभी सूचनाएँ मेरी जानकारी में सही हैं, किसी भी स्तर पर सूचनाएँ गलत पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी रद्द की जा सकेगी।

**आवेदक का हस्ताक्षर**